# 5 गुर्जर प्रतिहार राजवंश

1. स्थापत्य की महामारू शैली का प्रचलन किस राजवंश के शासन काल में हुआ?
(1) चौहान (2) गुहिल
(3) गुर्जर प्रतिहार (4) राठौड़

2. किस प्रतिहार शासक के शासन काल में जैन ग्रंथ 'हरिवंश पुराण' एवं 'कुवलयमाला' की रचना हुई?
(1) मिहिरभोज (2) वत्सराज
(3) नागभट्ट द्वितीय (4) महेन्द्रपाल प्रथम

3. किस गुर्जर–प्रतिहार शासक ने कन्नौज को पहली बार अपने राज्य की राजधानी बनाया ?
(1) नागभट्ट प्रथम (2) नागभट्ट द्वितीय
(3) महाराजा कक्कुक (4) वत्सराज

4. गुर्जर प्रतिहार राजवंश का मूल पुरुष/आदि पुरूष था?
(1) कक्कुक (2) हरिशचन्द्र
(3) बाउक (4) नागभट- I

5. प्रतिहार शासक कक्कुक (राजा बाउक के उत्तराधिकारी) ने निम्न में से कौनसा शिलालेख उत्कीर्ण करवाये थे?
(1) नाडोल अभिलेख (2) हस्तिकुण्डि शिलालेख
(3) प्रतापगढ़ शिलालेख (4) घटियाला शिलालेख

6. कन्नौज में प्रतिहार वंश के शासन की नींव किसने रखी थी?
(1) कक्कुक (2) बाउक
(3) वत्सराज (4) नागभट्ट द्वितीय

7. गुर्जर–प्रतिहारों की किस शाखा का प्रथम शासक हरिशचन्द्र हुआ?
(1) कन्नौज (2) जालौर
(3) भीनमाल (4) मण्डोर

8. मंडोर के प्रतिहार माने जाते हैं?
(1) क्षत्रिय (2) वैश्य
(3) विदेशी (4) ब्राह्मण

9. ओसियां (जोधपुर ग्रामीण) में महावीर स्वामी को समर्पित जैन मंदिर का निर्माण किस राजा के काल में हुआ ?
(1) वत्सराज (2) नागभट्ट प्रथम
(3) देवपाल (4) त्रिलोचन पाल

10. ग्वालियर अभिलेख का सम्बन्ध किस प्रतिहार शासक से है?
(1) नागभट्ट प्रथम (2) नागभट्ट द्वितीय
(3) मिहिरभोज (4) वत्सराज

11. प्रतिहारों की भीनमाल शाखा का संस्थापक था?
(1) नागभट्ट प्रथम (2) नागभट्ट द्वितीय
(3) कक्कुक (4) वत्सराज

12. ग्वालियर अभिलेख में किस प्रतिहार शासक को 'म्लेच्छों का नाशक' कहा गया है?
(1) नागभट्ट प्रथम (2) वत्सराज
(3) हरिशचन्द्र (4) मिहिरभोज

13. निम्न में से किस शासक को 'प्रतिहारों का पितृहंता' कहा जाता है?
(1) रामभद्र (2) नागभट्ट प्रथम
(3) मिहिरभोज (4) वत्सराज

14. चीनी यात्री हेनसांग ने गुर्जरात्रा प्रदेश की राजधानी बताई है?
(1) पीलामोलो (भीनमाल) (2) मण्डोर
(3) कन्नौज (4) कू–चे लो

15. किस अरबी यात्री ने (851 ई.) में मिहिरभोज के सम्बन्ध में वर्णन किया है?
(1) सुलेमान (2) अल बरूनी
(3) अमीर खुसरो (4) अलमसूदी

16. निम्न में से कौनसा शासक अपने चेदि सामंत कोक्कलदेव प्रथम की सहायता से विजय होकर कन्नौज की गद्दी पर बैठा?
(1) महेन्द्रपाल प्रथम (2) भोज द्वितीय
(3) भोज (4) मिहिरभोज

17. किस प्रारम्भिक गुर्जर प्रतिहार शासक ने मण्डोर को अपनी राजधानी बनाकर 'राजसूय यज्ञ' किया था?
(1) रज्जिल (2) झोट प्रतिहार
(3) शीलूक (4) कक्क

18. निम्न में से मण्डोर शाखा के शासकों के क्रम का सही विकल्प है?
(1) रज्जिल, नरभट्ट, नागभट्ट प्रथम, शीलुक
(2) रज्जिल, शीलुक, नागभट्ट प्रथम, नरभट्ट
(3) नागभट्ट प्रथम, शीलुक, नरभट्ट, रज्जिल
(4) नागभट्ट प्रथम, रज्जिल, शीलुक, नरभट्ट

19. निम्न में से किस शाखा को 'रघुवंशी' प्रतिहार शाखा भी कहा जाता है?
(1) मण्डोर शाखा (2) भीनमाल शाखा
(3) कन्नौज शाखा (4) उज्जैन शाखा

20. भीनमाल शाखा के कौनसे शासक को 'नागावलोक' भी कहा जाता था?
(1) नागभट्ट प्रथम (2) वत्सराज
(3) मिहिरभोज (4) नागभट्ट द्वितीय

21. निम्न में से भीनमाल शाखा के प्रतिहारों को उनके शासनकाल के अनुसार व्यवस्थित कीजिए–
(1) नागभट्ट प्रथम, मिहिरभोज, वत्सराज, कक्कुक
(2) नागभट्ट प्रथम, नागभट्ट द्वितीय, महिपाल प्रथम, मिहिरभोज
(3) नागभट्ट प्रथम, मिहिरभोज,नागभट्ट द्वितीय, महेन्द्रपाल प्रथम
(4) नागभट्ट प्रथम, वत्सराज, नागभट्ट द्वितीय, मिहिरभोज

22. किस प्रतिहार शासक के दरबार में 'कर्पुरमंजरी' और 'काव्यमिमांसा' का लेखक राजशेखर था?
(1) भोज द्वितीय (2) नागभट्ट द्वितीय
(3) महेन्द्रपाल प्रथम (4) मिहिरभोज

23. निम्न में से भीनमाल शाखा के नागभट्ट प्रथम का उपनाम नहीं था?
(1) नारायण की मूर्ति का प्रतीक
(2) इंद्र के दंभ का नाशक
(3) जालौर के गुर्जर–प्रतिहारों का संस्थापक
(4) गुर्जर–प्रतिहारों का मूल पुरुष

24. कन्नौज पर अधिकार हेतु चले त्रिपक्षीय युद्ध में राजपूताना के किस वंश के शासकों ने भाग लिया?
(1) गुर्जर प्रतिहार (2) चौहान
(3) परमार (4) गुहिल

25. गुर्जर–प्रतिहार शासक मिहिरभोज के बारे में कौनसा कथन असत्य है–
(1) यह प्रतिहारों का सबसे शक्तिशाली शासक था।
(2) यह अपने पिता रामभद्र की हत्या कर शासक बना।
(3) ग्वालियर अभिलेख में इसकी उपाधि आदिवराह का वर्णन मिलता है।
(4) इसे भोज द्वितीय उपनाम से भी जाना जाता है।

26. किस प्रतिहार शासक ने 837 ई. में मण्डोर में विष्णु मन्दिर की प्रशस्ति जिसमें मण्डोर के प्रतिहारों की नामावली दी गई है?
(1) कक्कुक (2) नागभट्ट द्वितीय
(3) बाउक (4) नागभट्ट प्रथम

27. प्रतिहार शासक महेन्द्रपाल प्रथम किसका उतराधिकारी था?
(1) मिहिरभोज का (2) देवराज का
(3) वत्सराज का (4) नागभट्ट का

28. 'प्रतिहार' शब्द का शाब्दिक अर्थ है?
(1) प्राणघातक (2) द्वारपाल
(3) प्रजापालक (4) अंगरक्षक

29. सूची I से सूची II को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये–

| सूची I (शासक) | सूची II (राजवंश) |
|---|---|
| (A) विग्रहराज | (i) गहड़वाल |
| (B) हरिश्चन्द्र | (ii) गुहिल |
| (C) बप्पा रावल | (iii) प्रतिहार |
| (D) जयचंद | (iv) चौहान |


(1) A-ii B-iii C-i D-iv
(2) A-iii B-i C-iv D-ii
(3) A-i B-ii C-iii D-iv
(4) A-iv B-iii C-ii D-i


30. त्रिदलीय संघर्ष के दौरान कन्नौज पर सर्वप्रथम अधिकार करने वाला प्रतिहार शासक था?
(1) मिहिरभोज (2) वत्सराज
(3) महेन्द्रपाल प्रथम (4) नागभट्ट द्वितीय

Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve

# अध्यापक भर्ती के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–

Dhindhwal Publication




– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।